an>

Title: Regarding rural electrification in Haryana under Deendayal Upadhyay electrification Scheme.

**श्री दुष्यंत चौटाला (हिसार) :** माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से राजस्थान और हरियाणा के एक अहम विषय को माननीय ऊर्जा मंत्री तक पहुंचाना चाहता हूँ।

कल तारांकित प्रश्न संख्या 61 के उत्तर में उन्होंने मेरा नाम लेकर जवाब दिया कि ढाणियों में बिजली पहुंचाना सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। मैं आपको बताना चाहूंगा कि इस वर्ष हरियाणा प्रदेश के लिए 316 करोड़ रुपये दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के लिए दिये गये हैं। जब कि अकेले इस योजना के तहत हिसार जिले का बजट 192 करोड़ रुपये का है। इसलिए मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से पूछना चाहूंगा।

**माननीय अध्यक्ष :** आपको पूछना नहीं है, अपनी बात रखनी है।

**श्री दुष्यंत चौटाला :** जो 316 करोड़ रुपये का बजट है, उसमें केवल हिसार के लिए 192 करोड़ रुपये का प्रावधान है ताकि हर घर तक बिजली पहुंचाने की जो सोच सरकार की है, उसे वह पूरा कर पाए।